**समन्वय अनुभाग** **18.03.2015 के अनुसार अद्यतन कृत**

**स्व प्रेरणा से प्रकटीकरण**

**सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005**

**संस्कृति मंत्रालय**

**(मंत्रालय के कार्यों के निर्वहन हेतु इसके द्वारा निर्धारित मानदण्ड)**

**मद सं. II : भारत सरकार (कार्य आबंटन नियमावली 1961) के अनुसार संस्कृति मंत्रालय के कार्य व कर्तव्य**

भारत सरकार (कार्य आबंटन) नियमावली, 1961 की दूसरी अनुसूची के अनुसार, संस्कृति मंत्रालय को निम्नलिखित विषय आबंटित किए गए हैं :

1. पुस्तकालय विकास संबंधी नीतिगत मामले

2. राष्ट्रीय पुस्तकालय, कोलकाता; केन्द्रीय सन्दर्भ पुस्तकालय, कोलकाता; केन्द्रीय सचिवालय ग्रन्थागार, नई दिल्ली; रामपुर रज़ा पुस्तकालय, रामपुर; दिल्ली पब्लिक लाइब्रेरी, नई दिल्ली; खुदा बक्श ओरिएण्टल पब्लिक लाइब्रेरी, पटना; राजा राममोहन राय पुस्तकालय प्रतिष्ठान, कोलकाता; इण्डिया ऑफिस लाइब्रेरी, लंदन।

3. राष्ट्रीय सांस्कृतिक सम्पदा संरक्षण अनुसंधानशाला, लखनऊ।

4. राष्ट्रीय पाण्डुलिपि परिरक्षण मिशन।

5. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, नई दिल्ली; पुरातत्वीय स्थल संग्रहालय; ऐतिहासिक व पुरातत्वीय अवशेषों का उत्खनन व अन्वेषण।

6. ऐतिहासिक व पुरातत्वीय अवशेषों के उत्खनन व अन्वेषण हेतु विश्वविद्यालयों तथा अनुसंधान संस्थानों को अनुदान।

7. सशस्त्र संघर्ष की स्थिति में सांस्कृतिक सम्पदा के संरक्षण संबंधी अन्तर्राष्ट्रीय समझौते।

8. स्वतन्त्रता आन्दोलन का इतिहास।

9. गांधी स्मृति और दर्शन समिति, नई दिल्ली; नेहरू स्मारक संग्रहालय व पुस्तकालय, नई दिल्ली; जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक न्यास; मौलाना अबुल कलाम आजाद एशियाई अध्ययन संस्थान, कोलकाता; भारतीय युद्ध स्मारक।

10. ललित कलाओं व मंच कलाओं का संवर्धन।

11. साहित्य अकादमी; ललित कला अकादमी; संगीत नाटक अकादमी।

12. राष्ट्रीय संग्रहालय, नई दिल्ली; भारतीय संग्रहालय, कोलकाता; सालारजंग संग्रहालय, हैदराबाद; इलाहाबाद संग्रहालय, इलाहाबाद; राष्ट्रीय आधुनिक कला संग्रहालय, नई दिल्ली, मुम्बई व बेंगलूरू; विक्टोरिया मेमोरियल हाल, कोलकाता; इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, भोपाल; राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद, कोलकाता; रत्न व आभूषण संग्रहालय; संग्रहालयों का सामन्य विकास।

13. राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान, कला इतिहास, संरक्षण एवं संग्रहालय विज्ञान, नई दिल्ली।

14. भारतीय व विदेशी कला वस्तुओं का अधिग्रहण।

15. ग्रामीण क्षेत्रों में मुक्ताकाश रंगमंच व राज्य की राजधानियों में रंगमंच।

16. सूचना व प्रसारण मंत्रालय की स्कीम के तहत शामिल श्रेणियों से संबंधित व्यक्तियों को छोड़कर दीनहीन परिस्थितयों में रह रहे लेखकों व कलाकारों या उनके आश्रितों को वित्तीय सहायता; सांस्कृतिक संगठनों व संस्थानों को अनुदान; इस विभाग के क्षेत्राधिकार में आने वाले विषयों के संबंध में विदेशी सरकारों तथा विदेशी एजेंसियों द्वारा प्रदान की जाने वाली शिक्षावृत्तियों व अध्येतावृत्तियों सहित शिक्षावृत्तियां: बहुउद्देशीय सांस्कृतिक परिसरों की स्थापना हेतु अनुदान।

17. इस विभाग के क्षेत्राधिकार में आने वाले विषयों से संबंधित पूर्त कार्य एवं पूर्त संस्थान, पूर्त कार्य एवं धर्मस्व अक्षय निधि।

18. इस विभाग के क्षेत्राधिकार में आने वाले विषयों के संबंध में विदेशी सरकारों तथा विदेशी एजेंसियों द्वारा दी जाने वाली शिक्षावृत्तियों सहित शिक्षावृत्तियां।

19. दुर्लभ पाण्डुलिपियों का प्रकाशन।

20. पारम्परिक संस्कृति और लोक साहित्य की सुरक्षा

21. भारत-विदेश सांस्कृतिक सोसायटियों को अनुदान

22. दूसरे देशों के साथ सांस्कृतिक करार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम (सीईपी) और मैत्री सन्धियां।

23. विदेशों से उपहार स्वरूप प्राप्त पुस्तकों का वितरण।

24. विदेशों में सांस्कृतिक अतैशों की नियुक्ति।

25. प्रायोजित या अप्रायोजित सांस्कृतिक प्रतिनिधि मण्डलों आदि के भारत के दौरे।

26. विदेशों में दौरों के लिए सरकार द्वारा प्रायोजित व्यक्ति (सांस्कृतिक व्याख्यानों सहित)।

27. दूसरे देशों को पुस्तुकों की भेंट।

28. दूसरे देशों में पुस्तकालयों की स्थापना।

29. भारतीय ग्रन्थों का विदेशी भाषाओं में अनुवाद।

30. दूसरे देशों की सरकारों तथा संस्थानों के साथ शासकीय प्रकाशनों का आदान-प्रदान व ऐसे आदान-प्रदान हेतु करार।

31. विदेशों में भारतीय कला वस्तुओं की प्रस्तुति।

32. पुरावस्तुओं का निर्यात।

33. सांस्कृतिक संस्थानों मे विदेशी विद्यार्थियों को प्रवेश।

34. सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत कलाकारों, नर्तकों, संगीतकारों आदि का आदान-प्रदान।

35. विदेशों में भारत उत्सव

36. गजेटियरों में संशोधन

37. महापुरूषों व समारोहों की शताब्दियां और जयन्तियां मनाना।

38. सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र, नई दिल्ली।

39. ओरियण्टलिस्ट्स कांग्रेस का अंन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन
40. भारतीय मानव विज्ञान सर्वेक्षण, कोलकाता।

41. राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली, गजेटियर्स; एशियाटिक सोसायटी, कोलकाता।

42. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय।

43. रबीन्द्र रंगशाला।

44. क्षेत्रीय सांस्कृतिक केन्द्र।

45. राष्ट्रीय संस्कृति परिषद।

46. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, नई दिल्ली।

47. राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली; राष्ट्रीय रंगमंच
48. राष्ट्रीय संस्कृति निधि।

49. गांधी शान्ति पुरस्कार।

50. केन्द्रीय उच्च तिब्बती अध्ययन संस्थान, सारनाथ; केन्द्रीय बौद्ध अध्ययन संस्थान, लेह; नव-नालंदा महाविद्यालय, नालन्दा।

51. कला क्षेत्र प्रतिष्ठान, चेन्नई

52. मुख्यत:, निम्नलिखित अधिनियमों का कार्यान्वयन एवं प्रवर्तन :

(क) भारतीय निखात निधि अधिनियम, 1878 (1878 का 6)
(ख) पुरावशेष और बहुमूल्य कलाकृति अधिनियम, 1972 (1972 का 52);
(ग) प्राचीन संस्मारक तथा पुरातत्वीय स्थल और अवशेष अधिनियम, 1958 (1958 का 24);
(घ) प्राचीन संस्मारक परिरक्षण अधिनियम, 1904 (1904 का 7)।
(ङ) पुस्तक और समाचार पत्र परिदान (सार्वजनिक पुस्तकालय) वितरण अधिनियम, 1954 (1954 का 27)
(च) प्रेस और पुस्तक पंजीकरण अधिनियम, 1867 (1867 का 25) (जहां तक केंद्र सरकार को पुस्तकों और सूचीपत्रों की आपूर्ति का संबंध है);
(छ) सार्वजनिक अभिलेख अधिनियम, 1993 (1993 का 69)

---

*****